### सिटी ब्रीफ

### बरेली बवाल : नदीम व साजिद की जमानत अर्जियां खारिज

विधि संवाददाता, बरेली : 26 सितम्बर 2025 जुमे के दिन मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर शहर में हुए बवाल के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला ने पुराना शहर, चक महमूद निवासी साजिद सकलैनी और आईएमसी का फर्जी पत्र तैयार करने के आरोपी कोतवाली बिहारीपुर करोलान निवासी नदीम खां की जमानत अर्जियां खारिज कर दीं।

सरकारी वकील महेश यादव ने बताया कि डॉ. नफीस खान व नदीम खान ने 25 सितम्बर 2025 की शाम को आपसी साजिश कर एक फर्जी पत्र तैयार कर उसे आईएमसी का पत्र दर्शाते हुए असल के रूप में प्रयोग किया। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र में पुलिस बल पर अवैध असलहों से फायर करने, धारदार हथियारों, लाठी-डंडों, पत्थर से हमला करने के आरोपी साजिद सकलैनी की अग्रिम जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की तीन मंडलों की समीक्षा आज

बरेली, अमृत विचार : सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग के मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में शनिवार को अर्बन हाट के सभागार में तीन मंडलों की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा होगी। इसमें तीनों मण्डलों में आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, अलीगढ़, कासगंज, एटा, हाथरस, बरेली, बदायूं, पीलीभीत एवं शाहजहांपुर के उद्योग विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया है। दोपहर करीब 3 बजे से समीक्षा शुरू होगी।

### रक्षामंत्री का चेंजओवर निरस्त सीधे पंतनगर पहुंचेंगे

बरेली, अमृत विचार : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का शनिवार को उत्तराखंड के नैनीताल जिले के घोड़ाखाल जाने के दौरान त्रिशूल एयरफोर्स में चेंजओवर का कार्यक्रम शुक्रवार को निरस्त हो गया। रक्षामंत्री अब सीधे दिल्ली से पंतनगर एयरपोर्ट जाएंगे। वहां से घोड़ाखाल के लिए उड़ान भरेंगे। नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि रक्षामंत्री का त्रिशूल एयरफोर्स स्टेशन में चेंजओवर का कार्यक्रम निरस्त हो गया है।

### शहर में आज

- मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत तीन मंडल आगरा अलीगढ़ एवं बरेली की अर्बन हाट में समीक्षा बैठक दोपहर 3 :00 बजे।
- विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश बरेली द्वारा बीसलपुर चौराहे का नाम वंदे मातरम चौक किये जाने की मांग को लेकर डीएम कार्यालय पर ज्ञापन सुबह 10 :30 बजे।
- ईद की नमाज बाकरगंज ईदगाह पर सुबह 10 :30 बजे।
- सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट द्वारा चतुर्थ सनातन नव वर्ष महोत्सव मेला शाम 4 :00 बजे से रात 10 :00 बजे तक।

# छावनी क्षेत्र में बनेगी गोशाला साढ़े सात एकड़ भूमि चिह्नित

- एनजीओ की मदद से विकसित की जाएगी गोशाला
- परियोजना पर जमीनी स्तर पर जल्द शुरू होगा काम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** छावनी परिषद (कैंट बोर्ड) अब आवारा पशुओं की समस्या के समाधान और गो संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए साढ़े सात एकड़ भूमि पर गोशाला निर्माण कराएगा। इसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। जल्द निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

यह गोशाला जन जाग्रति सोसायटी के सहयोग से विकसित की जाएगी। बोर्ड का मानना है कि इस पहल से छावनी क्षेत्र में घूम रहे निराश्रित पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिलेगा और सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी। गो संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा। मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. तनु जैन ने बताया कि परियोजना को जल्द शुरू करने की तैयारी है। गोशाला में पशुओं के लिए पर्याप्त चारा, पानी और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा, संचालन में एनजीओ की सक्रिय भूमिका रहेगी। जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रहे। गौरतलब है कि इससे पहले कैंट बोर्ड धोपेश्वरनाथ मंदिर परिसर में ओपन थिएटर निर्माण और सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को भी मंजूरी दे चुका है। इन योजनाओं के जरिए छावनी क्षेत्र के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

### ईद पर बाजार में छाई रौनक



ईद की पूर्व संध्या पर शुक्रवार देर रात तक सिविल लाइंस समेत कई स्थानों पर दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ दिखी। (खबर पेज II पर।) ● अमृत विचार

# कुट्टू के आटे की कचौड़ी खाने से परिवार बीमार

## दो लोगों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती, खाद्य टीम ने दुकान को सील किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नवरात्र में एक तरफ लोग माता के उपवास रख अपनी आस्था के हिसाब से भजन और भोजन करते है। वहीं दूसरी ओर मिलावटखोर इसमें भी मुनाफाखोरी से बाज नहीं आ रहे हैं। कुट्टू का खराब आटा बेच रहे हैं। उपवास खोलने के बाद कुट्टू के आटे की कचौड़ी खाने के बाद एक ही परिवार के छह लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए। पीड़ित दो लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, खाद्य सुरक्षा विभाग ने दुकान में जांच करने के बाद दो सैंपल भरकर उसे सील कर दिया है।

सुभाषनगर के गंगानगर कॉलोनी निवासी भगवान दास निजी काम करते हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को परिवार के सभी सदस्यों ने नवरात्र का पहला उपवास रखा था। उपवास खोलने के लिए वह पास की दुकान से कुट्टू का आटा खरीदकर लाए थे। इसके बाद उसकी कचौड़ी बनाई गई और बड़ों के साथ परिवार के बच्चों ने भी उसे खाया। खाना खाने के थोड़ी देर बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी और वह लोग उल्टी करने लगे। इसके बाद परिवार के छह के छह लोग पेट दर्द और बदहजमी महसूस करने लगे। इस पर भगवान दास पत्नी अखिलेश, बेटा हिमांशु, वीर, बेटी अनुष्का और भतीजे सुखदीप को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां अधिक तबीयत खराब होने पर वीर को बच्चा वार्ड में भर्ती कराया गया है।

**खुद की पैकिंग की करते हैं बात :** यूं तो बाजार में कई ब्रांड का कुट्टू और सिंघाड़े का आटा उपलब्ध है, लेकिन मुनाफे के लिए कुछ दुकानदार कुट्टू खरीदकर उसे पिसवाकर खुले बाजार में बेचते हैं, जबकि यह आटा एक तय समय में खराब हो जाता है। इसके लिए संबंधी विभाग कोई चेकिंग अभियान नहीं चलाता है।



जिला अस्पताल में भर्ती वीर व मौजूद परिजन। ● अमृत विचार

### मिलावटखोरी पर उठे सवाल

नवरात्र जैसे धार्मिक अवसर पर इस तरह की घटना ने खाद्य सुरक्षा विभाग को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। साल में दो बार आने वाले नवरात्रों में जिले में अक्सर तमाम लोग पुराना कुट्टू का आटा खाकर बीमार पड़ जाते हैं। मिलावटखोर कमाई के चक्कर में लोगों की सेहत से खिलवाड़ से नहीं चूकते हैं।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिश्रित दूध व मूंगफली दाना समेत आठ नमूने भरे

बरेली, अमृत विचार : नवरात्र पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी जारी है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर खाद्य पदार्थों के आठ नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बिशारतगंज से मूंगफली दाना, छुआरा, अखा स्थित दुकान से मिश्रित दूध, मथुरापुर से मूंगफली दाना, साबुदाना, रोहिली टोला, पुराना शहर से दूध व घी का नमूना लिया। इसके अलावा सुभाषनगर में किराने की दुकान से दो खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए।

### बिना पंजीकरण के संचालित किया जा रहा था जनरल स्टोर, कुट्टू आटे के दो सैंपल भरे



बरेली : मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने शिकायत मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी इन्द्रजीत सिंह को तत्काल सुभाषनगर क्षेत्र में गंगानगर कालोनी निकट शिव मंदिर के पास स्थित प्रेमपाल किराना स्टोर पर जांच करने के लिए भेजा। अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान दुकान बिना खाद्य पंजीकरण के मिली। बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार किया जा रहा था। वहां कुट्टू के आटे के 250 ग्राम के दो पैकेट मिले। पूछने पर व्यापारी प्रेमपाल ने बताया कि नवरात्र पर्व पर कुट्टू का आटा बिक्री को लाये थे, उनमें से शेष दो पैकेट बचे हैं। पैकेट खोलकर नमूना संग्रहित किया। बिना पंजीकरण खाद्य कारोबार करने पर अपर जिलाधिकारी (नगर)/न्याय निर्णयन अधिकारी के यहां वाद दायर किया जायेगा। दुकान को अग्रिम आदेशों तक सील करा दिया है।

### नवी मुंबई और बेंगलुरु फ्लाइट का समर शेड्यूल जारी

**बरेली, अमृत विचार :** सिविल एंक्लेव (बरेली एयरपोर्ट) से संचालित होने वाली उड़ानों का समर शेड्यूल जारी कर दिया गया। एयरपोर्ट डायरेक्टर अवधेश अग्रवाल ने बताया कि समर शेड्यूल 30 मार्च से लागू होगा। डीजीसीए की ओर से जारी किए गए समर शेड्यूल के अनुसार नवी मुंबई से उड़ान भरकर फ्लाइट दोपहर 1:35 बजे बरेली एयरपोर्ट पर लैंड करेगी। इसके बाद करीब 45 मिनट रुकने के बाद 2:20 बजे नवी मुंबई के लिए उड़ान भरेगी। इसी तरह बेंगलुरु फ्लाइट उड़ान भरकर 2:10 बजे बरेली एयरपोर्ट पहुंचेगी और करीब 35 मिनट रुकने के बाद 2:45 बजे बेंगलुरु के लिए उड़ान भरेगी। समर शेड्यूल 30 मार्च से 24 अक्टूबर तक लागू रहेगा।

निदेशक ने बताया कि मुंबई की फ्लाइट 30 मार्च से संचालित नहीं होगी, उसकी जगह फ्लाइट नवी मुंबई के लिए शुरू होगी, अभी तक संडे को संचालित होने वाली फ्लाइट नए शेड्यूल में नवी मुंबई के लिए शनिवार को संचालित होगी। इसी तरह शनिवार को संचालित होने वाली बेंगुलरु फ्लाइट अब रविवार को संचालित होगी।

# कोर्ट के 24 घंटे में कब्जा हटवाने के आदेश का नहीं हुआ पालन

- कोर्ट ने थानाध्यक्ष के विरुद्ध केस दर्ज करने से पूर्व एक सप्ताह में एसपी से मांगी जांच रिपोर्ट

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** किरायेदार से 24 घंटे में कब्जा हटवाए जाने के कोर्ट के आदेश के बावजूद थानाध्यक्ष बारादरी ने किरायेदार से दुकान खाली नहीं करायी। लघुवाद न्यायाधीश डॉ. सूर्यकान्त धर दूबे ने थानाध्यक्ष बारादरी के कृत्य को लोकसेवक द्वारा किया गया अपराध मानते हुए मुकदमा दर्ज करने से पूर्व पुलिस अधीक्षक से एक सप्ताह के अन्दर जांच आख्या तलब की है।

वादिनी के अधिवक्ता शशिकान्त शर्मा ने बताया कि किरायेदारी अधिनियम के तहत किरायेदार से दुकान खाली कराये जाने के बाबत दर्शन सचदेवा ने न्यायालय में वाद दायर कर उल्लेखित किया था कि उनकी शाहदाना कॉलोनी स्थित दुकान पर परवाना नगर छोटी विहार निवासी जावेद हसन खां किरायेदार कब्जा किये हुए है। अदालत ने 8 दिसम्बर 2025 को अमीन को चार दिन में अपनी रिपोर्ट कोर्ट में देने का आदेश देते हुए कहा कि यदि अमीन द्वारा पुलिस बल से सहयोग मांगा जाता है तो सम्बन्धित थाने की पुलिस आदेश के पालन में सहयोग अवश्य ही करेगी। अमीन ने कोर्ट में रिपोर्ट देकर बताया कि पुलिस सहायता के साथ कब्जा हटाने की कार्यवाही का आग्रह थानाध्यक्ष से किया तो थाने से एक कांस्टेबल को भेजा गया। विवादित स्थल पर ताले पड़े पाये गये।

# मौसम : हवा ने दिया साथ, बारिश ने कराया ठंड का अहसास

- तापमान में भारी गिरावट, कई स्थानों पर जलभराव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गर्मी की दस्तक के बीच तेज हवा के साथ हुई बारिश ने एक बार फिर ठंड का अहसास करा दिया। लोग ठिठुरते हुए और गर्म कपड़ों का सहारा मार्च में भी लेते दिखे। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम ने अचानक करवट ली। जिले के तापमान में भारी गिरावट दर्ज हुई। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, कई स्थानों पर जलभराव के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी से जूझना पड़ा।

आंचलिक मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार के अनुसार मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल पंजाब और राजस्थान होते हुए दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश तक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ द्रोणी के रूप में फैला है। वहीं, निचले क्षोभमंडल में उत्तरी हरियाणा और दक्षिणी उत्तर प्रदेश के आसपास बने चक्रवाती परिसंचरण इस सिस्टम को और सक्रिय कर रहे हैं। इन परिस्थितियों के चलते पुरवा और पछुआ हवाओं की टकराहट से बरेली सहित प्रदेश में मौसम अस्थिर बना हुआ है। जिले में शुक्रवार को 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं, जिससे लोगों को दिनभर ठंडक का अहसास हुआ। पूरे दिन बादल छाने के साथ रुक-रुककर बारिश होती रही। कई स्थानों पर हल्की व मध्यम वर्षा हुई। इसके चलते अधिकतम तापमान में 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई और तापमान सामान्य से करीब 10 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया। उन्होंने कहा कि वर्षा का यह दौर शनिवार को भी जारी रहने की संभावना है।

कुछ स्थानों पर तेज हवाओं का असर बना रह सकता है। इसके बाद 22 मार्च से सक्रिय विक्षोभ प्रणाली के कमजोर पड़ने के संकेत के साथ तापमान में फिर से वृद्धि शुरू होगी। इसके बाद मौसम साफ रहेगा। अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग ने किसानों को फसलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक एहतियाती कदम उठाने को कहा है।



गर्मी की दस्तक के बीच अचानक हुई बारिश से ठंड बढ़ गई। ● अमृत विचार



बारिश के चलते पुराना शहर समेत कई स्थानों पर जलभराव हो गया। ● अमृत विचार

### हिदायत

**मेयर डॉ. उमेश गौतम की अध्यक्षता में हुई 15वें वित्त आयोग की धनराशि के कार्यों की समीक्षा, विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के दिए निर्देश**

# फाइलों में दबे विकास कार्य, मेयर ने अफसरों की लगाई क्लास

- जलकल और निर्माण विभाग की देरी पर उठे सवाल, चार महीने में काम पूरा करने का अल्टीमेटम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में विकास कार्यों की कछुआ चाल और फाइलों में दबे पड़े करोड़ों के बजट को लेकर शुक्रवार को महापौर डॉ. उमेश गौतम का जमकर चाबुक चला। मेयर कार्यालय में आयोजित 15वें वित्त आयोग की समीक्षा बैठक में लापरवाही की चादर ओढ़े बैठे अफसरों की मेयर ने जमकर क्लास लगाई। बैठक में टाइड मद के 86 करोड़ और अनटाइड मद के 60 करोड़ रुपये के हिसाब-किताब के साथ जब 30 दिसंबर 2025 को स्वीकृत 79 परियोजनाओं का कच्चा चिट्ठा खुला, तो निर्माण, जलकल और स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के दावों की हवा निकल गई। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि जनता के टैक्स के पैसे पर कुंडली मारकर बैठना बंद करें और फाइलों में दबे विकास को धरातल पर उतारें।

बैठक में जलकल विभाग के अधिकारी मेयर के सीधे निशाने पर रहे। चक महमूद में जलभराव की समस्या और संपवेल निर्माण में पांच साल की देरी पर मेयर ने अधिकारियों को जमकर लताड़ा। महाप्रबंधक मनोज कुमार और सहायक अभियंता अजीत कुमार की दलीलों को दरकिनार करते हुए मेयर ने दो टूक कहा कि बहानेबाजी नहीं, समाधान चाहिए। उन्होंने अपर नगर आयुक्त के नेतृत्व में तत्काल संयुक्त मुआयना कर काम शुरू करने का अल्टीमेटम दे डाला। अनटाइड मद में भारी-भरकम बजट होने के बावजूद निर्माण विभाग उसे खर्च करने में फिसड्डी साबित हुआ। पिछले साल की अधूरी रिपोर्ट देख बिफरे मेयर ने अभियंताओं की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए और चार महीने के भीतर लंबित कार्य हर हाल में पूरे करने के निर्देश दिए। मेयर ने कहा शासन से मिलने वाले अतिरिक्त 50 करोड़ का लाभ जनता को तभी मिलेगा जब वर्तमान प्रोजेक्ट समय पर धरातल पर उतरेंगे।

बदायूं रोड पर जलभराव के नासूर को खत्म करने के लिए चार करोड़ रुपये की लागत से सवा किलोमीटर लंबा नाला बनाने की मंजूरी मिल गई है। मेयर ने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इस परियोजना से करीब डेढ़ लाख की आबादी को डूबने से बचाया जा सकेगा। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, जलकल महाप्रबंधक मनोज आर्य, नगर स्वास्थ्य अधिकारी भानु प्रकाश आदि मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते मेयर डॉ. उमेश गौतम। ● अमृत विचार

### हाईटेक कलेवर में नजर आएगी 'नाथ नगरी'

नाथ नगरी को आधुनिक 'हाइटेक सिटी' बनने को नगर निगम ने 15वें वित्त आयोग की भारी-भरकम धनराशि के दम पर शहर के कायाकल्प का ब्लूप्रिंट तैयार किया है, जो वर्ष 2026 तक धरातल पर उतरेगा। इस महायोजना के तहत केवल सड़कों का जाल ही नहीं बिछेगा, बल्कि स्मार्ट ड्रेनेज सिस्टम, आधुनिक सीवर लाइन और हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की मुस्तैद व्यवस्था होगी। मेयर डॉ. उमेश गौतम का कहना है कि मास्टर प्लान का मकसद बरेली को व्यवस्थित और स्वच्छ मेट्रोपॉलिटन सिटी जैसा अहसास देना है।

### ठेकेदार की खानापूर्ति पर भड़के नगर आयुक्त

वार्ड 23 इंद्रानगर में पेयजल लाइन बिछाने के बाद सड़क मरम्मत के नाम पर हो रही धोखाधड़ी का मामला भी उठा। बताया गया कि पाइपलाइन डालने के लिए उखाड़ी गई सड़क पर महज डेढ़ इंच की मामूली लेयर डालकर औपचारिकता हो रही है। इस पर नगर आयुक्त ने सख्त लहजे में अल्टीमेटम दिया कि ठेकेदार को तुरंत 10 इंच के मानक के अनुरूप सड़क बनाने के निर्देश दिए जाएं। मानक की अनदेखी पर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

### कोहाड़ापीर से धर्मकांटा तक गरजेगा बुलडोजर

**बरेली, अमृत विचार :** सीएम ग्रिड योजना में कोहाड़ापीर से लेकर धर्मकांटा तक सड़क चौड़ीकरण के काम में बाधा बन रहे अवैध निर्माणों को ढहाने के लिए भी नगर निगम ने कमर कस ली है। महापौर डॉ. उमेश गौतम की अध्यक्षता में हुई बैठक में साफ कर दिया गया कि विकास की राह में कोई भी समझौता नहीं होगा। चिन्हित की जा चुकीं 60 दुकानों को पहले ही नोटिस थमाया जा चुका है, अब भारी फोर्स के साथ जल्द ही बुलडोजर गरजने को तैयार है। पिछले दिनों व्यापारियों के लगाए गए पक्षपात के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्रवाई पूरी तरह निष्पक्ष हो।

# चांद का दीदार, ईद आज, देर रात बाजार ग्राहकों से गुलजार

## 30 रोजे पूरे होने के बाद नजर आया चांद, चांद रात की बधाइयों का चला सिलसिला, शुक्रवार को पांचवां जुमा होने के चलते अलविदा की दूसरी नमाज अदा की

- ईद की मुख्य नमाज ईदगाह में सुबह 10.30 बजे अदा की जाएगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शुक्रवार को 30 रोज पूरे होने के बाद ईद का चांद नजर आ गया। इससे बाजार में रौनक छा गई। सभी लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। बाकरगंज ईदगाह में मुख्य नमाज सुबह 10:30 बजे अदा की जाएगी। शुक्रवार देर रात तक लोग ईद की खरीदारी करने के लिए बाजार में जुटे रहे।

एक महीने के रोजे और इबादत के बाद शनिवार को ईद मनाई जाएगी। शुक्रवार को रमजान का पांचवां जमा होने के चलते दोपहर में अलविदा की नमाज अदा की गई। बड़ी संख्या में नमाजी मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए पहुंचे। शाम को 6:27 पर रोजा इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज हुई। इसके बाद लोगों ने चांद का दीदार किया। चांद देखकर लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। करीब 26 साल बाद ऐसा अनूठा संयोग बना है कि रमजान में पांच जुमे अदा किए गए हैं।

दरगाह आला हजरत प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी। सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि ईद आपसी भाईचारे और खुशियों का त्योहार है। सभी लोग आपसी गिले शिकवे मिटाकर एक दूसरे से गले मिलें। ईद के दिन गरीबों का खास ख्याल रखें। मिलजुल कर इसकी खुशियां आपस में बांटे। दरगाह पर ईद का चांद देखने के बाद मुफ्ती ज़ईम रज़ा, मौलाना अबरार उल हक मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी समेत शाहिद नूरी, अजमल नूरी, औरंगजेब नूरी, परवेज नूरी, ताहिर अल्वी, हाजी जावेद खान, मंजूर रजा, मुजाहिद बेग आदि ने सबको ईद की मुबारकबाद दी।

ईद की मुख्य नमाज ईदगाह में सुबह 10.30 बजे अदा की जाएगी। शहर में सबसे पहले दरगाह वली मियां की चांद मस्जिद में सुबह 6.40, दरगाह शाह शराफत अली मियां में 07 बजे, दरगाह ताजुश्शरिया में 7.30 बजे, खानकाहे वामिकिया में 8.15, दरगाह बशीर मियां में 8.30, किला जामा मस्जिद, खानकाह ए नियाज़िया, दरगाह शाहदाना वली नौमहला मस्जिद में 9.30 और सबसे आखिर में दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में 11 बजे नमाज अदा की जाएगी।


किला जामा मस्जिद में जुमा अलविदा की नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार



ईद की पूर्व संध्या पर शहर में दुकान पर जूते और चप्पल खरीदते लोग। ● अमृत विचार

### प्रशासन मुस्तैद, सड़क पर नहीं पढ़ने दी जाएगी नमाज

**बरेली, अमृत विचार :** ईद त्योहार पर पुलिस प्रशासन मुस्तैद हो गया है। डीएम ने साफ शब्दों में कहा है कि किसी भी व्यक्ति को सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने दी जाएगी। बवालियों और अवांछित तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनपद के 176 ईदगाह और 1369 मस्जिदों में सुरक्षा व्यवस्था को सभी विभागों के अधिकारियों को तैनात किया गया है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा है कि मस्जिदों के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। नमाजियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन माहौल खराब करने वाले अवांछित तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था में एडीएम, एसडीएम सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को बतौर मजिस्ट्रेट तैनात किया है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। सड़क पर किसी को भी नमाज पढ़ने नहीं दी जाएगी, जो भी ऐसी हिमाकत करेगा, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को बातचीत करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के साफ निर्देश दिए हैं कि नवरात्रि के साथ ईद है। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखते हुए माहौल खराब करने वालों से सख्ती से निपटें। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश पर जिलेभर की मस्जिदों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गयी है। ईद के पर्व को शांति और सकुशलता से मनाए जाने के लिए पूरी तैयारियां की गयी हैं। डीएम ने बताया कि जिले में 176 ईदगाह और 1369 मस्जिद हैं। जिलेभर के वरिष्ठ और जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी ईदगाह और मस्जिदों पर लगाई है। अवांछित तत्वों की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। कंट्रोल रूम को सख्त निर्देश दिए हैं कि 24 घंटे कर्मचारियों से जानकारी करते रहें। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी करा रहे हैं। वह स्वयं एसएसपी के साथ संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर निगरानी कर रहे हैं। डीएम ने खुशियां के माहौल को खराब करने वालों की सूचना देने की अपील की है। ईद पर कोई नयी परंपरा नहीं डालने दी जाएगी।





ईद की पूर्व संध्या पर मेहंदी रचाती मुस्लिम युवतियां। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### शरीयत के दायरे में मनाएं ईद

**बरेली, अमृत विचार :** नबीरा-ए-आला हजरत व ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी ने ईद-उल-फित्र की मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि शरीअत के दायरे में रहकर ईद मनाएं। पूरी दुनिया के गरीबों, जरूरतमंदों इस मौके पर याद रखें और उनका हक अदा करें। नबीरा-ए-आला हजरत ने आरएसी सहरी सर्विस को कामयाब बनाने में जुटी टीम को सम्मानित किया। आरएसी मुख्यालय पर कार्यक्रम हुआ। आसिम खां, अफ़हाम खां, अखलस खां, जमाल अंसारी, अब्दुल मुईद, इमरान वारसी, आदिल रज़ा, अफजल रजा आदि मौजूद रहे।

### गंभीर रक्तस्राव से हुई थी मोर की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** गंभीर रक्तस्राव से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हुई थी। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में मोर के पोस्टमार्टम में यह बात सामने आई है। दरअसल, बदायूं-बिसौली हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन ने मोर को टक्कर मार दी थी। इससे उसकी मौत हो गई थी। हाईवे अथॉरिटी ने मामले की सूचना आईवीआरआई को दी।

### संपूर्ण समाधान दिवस सोमवार को होगा

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि शनिवार को आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस अब सोमवार को होगा। शनिवार को ईद उल फितर त्योहार पर सार्वजनिक अवकाश होने के कारण संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नहीं हो पाएगा।

## मकान के विवाद में जान से मारने की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र के सैलानी बाजार में दशकों पुराने मकान विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित असलम अहमद के अनुसार, उनके परिवार ने 35 वर्ष पूर्व एक मकान का बैनामा कराया था, जिसे लेकर उनकी फूफी के परिवार से विवाद चल रहा है। आरोप है कि इसी रंजिश में 17 मार्च की रात करीब 10 बजे आरोपी मुख्तियार अहमद ने असलम को बाजार में घेर लिया और गिरेबान पकड़कर अभद्रता की। प्रत्यक्षदर्शी इमरान के बीच-बचाव के बाद मामला शांत हुआ, लेकिन जाते-जाते आरोपी ने मकान खाली कराने का बदला लेने के लिए दुनिया से खत्म करने की खौफनाक धमकी दी।




## अंकेक्षक व्यवस्था के विरोध में खोला मोर्चा

- प्रधानाचार्य परिषद ने डीआईओएस को दिया ज्ञापन
- एक रुपये प्रति कॉपी पारिश्रमिक को बताया गरिमा के विपरीत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की ओर से मूल्यांकन प्रक्रिया को त्रुटिरहित बनाने के लिए लागू की गई अंकेक्षक (ऑडिटर) व्यवस्था विवादों में घिरती नजर आ रही है। इसके विरोध में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद बरेली ने शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के सचिव के नाम संबोधित ज्ञापन डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार को सौंपा।

परिषद ने प्रधानाचार्यों को अंकेक्षण कार्य से तत्काल प्रभाव से मुक्त करने की मांग उठाई है। पदाधिकारियों ने कहा कि सभी प्रधानाचार्य बोर्ड मूल्यांकन कार्य में पूर्ण सहयोग करना चाहते हैं, लेकिन अंकेक्षक की जिम्मेदारी उनके पद की गरिमा के विपरीत है। परिषद ने कहा कि विगत वर्षों में प्रधानाचार्य प्रधान परीक्षक और उप नियंत्रक जैसे जिम्मेदार पदों पर कार्य करते रहे हैं, लेकिन इस वर्ष उन्हें अंकेक्षक बनाकर उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई जा रही है। इसे उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास बताया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मूल्यांकन निर्देशिका में शामिल इस व्यवस्था को तत्काल वापस लिया जाए। सभी प्रधानाचार्यों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि वे अंकेक्षक के रूप में निर्धारित एक रुपये प्रति कॉपी पारिश्रमिक भी स्वीकार नहीं करेंगे। गौरतलब है कि यूपी बोर्ड ने इस बार पहली बार सॉफ्टवेयर के माध्यम से अंकेक्षकों की नियुक्ति की है, ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता और शून्य त्रुटि का लक्ष्य हासिल किया जा सके। देने वालों में प्रांतीय महामंत्री डॉ. मनोज कुमार, जिला अध्यक्ष डॉ. लाखन सिंह, जिला मंत्री डॉ. अजीत सक्सेना, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. कुलदीप कुमार विश्नोई, प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. एसपी पांडे, डॉ. संतोष कुमार गुप्त, डॉ. एसपी सक्सेना, चमन जहां, अरविंद कुमार शर्मा, सैयद जाकिर अली, डॉ. हरिओम, आसिफ अली, विवेक मोहन सिंह, परमेश्वर दयाल आदि शामिल रहे। डीआईओएस ने कहा कि अंकेक्षक की व्यवस्था माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से की गई। इसको लेकर प्रधानाचार्य परिषद ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया है। जिसको माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव के सामने रखा जाएगा।



अंकेक्षक बनाए जाने के विरोध में प्रधानाचार्य परिषद ने डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा। ● अमृत विचार

## मकान के लिए माता-पिता को कागजों में मारा

- विरोध करने पर बहनों पर किया हमला, पांच पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** एजाजनगर गौटिया में युवक ने जीवित माता-पिता को कागजों में मृत दर्शाकर पुश्तैनी मकान अपने नाम करा लिया। आरोप है कि संपत्ति के लालच में ससुरालियों के साथ मिलकर बहनों पर हमला किया। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना बारादरी क्षेत्र के एजाजनगर गौटिया की रुखसाना के अनुसार, उनके बेटे सलीम की नियत घर पर कब्जा करने की थी। उसने साजिश रचते हुए अगस्त 2025 में उमाचरन नाम के व्यक्ति से यह झूठ बोलकर कि उसके माता-पिता मर चुके हैं और वह इकलौता वारिस है, मकान का बैनामा अपने नाम करा लिया। पोल खुलने पर रुखसाना ने दोबारा मकान अपने नाम कराया तो सलीम और उसके ससुर जब्बार, सास शन्नो, साली उसमा और पत्नी नगमा जान के दुश्मन बन गए। आए दिन घर खाली करने की धमकियां दी जाने लगीं। आरोप है कि 14 मार्च को जब उसकी बेटी शमा और नगमा घर में अकेली थीं। आरोप है कि सलीम ससुरालियों के साथ घर पर कब्जा करने पहुंचा। जब बहनों ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें गालियां देते हुए धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

शमा ने जब खुद को बचाने की कोशिश की, तो उसके दोनों हाथों पर गहरे जख्म हो गए। हमलावरों ने उसकी गर्दन पर चाकू रखकर जान से मारने की कोशिश की। शोर सुनकर मोहल्ले वाले पहुंचे तो हमलावर भाग गए। आरोप है कि जब वह शिकायत लेकर थाने पहुंचीं तो पुलिस ने पति गुलाम साबिर को हिरासत में लेकर समझौते का दबाव बनाया।

## दहेज हत्या में पति को 10 वर्ष कैद, सास-देवर बरी

- दहेज में कार की मांग को लेकर ससुराली करते थे प्रताड़ित

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पत्नी की दहेज हत्या के नौ वर्ष पुराने मामले में थाना सिरौली के ग्राम अंजनी निवासी चन्द्रभान को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पाण्डेय ने 10 वर्ष कारावास और 7 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। इस मामले में आरोपी सास और देवर को बरी कर दिया।

सरकारी वकील राजेश्वरी गंगवार और पंकज कुमार ने बताया कि वादी मुकदमा मुकेश पाण्डेय ने थाना सिरौली में तहरीर देकर बताया था कि उसने अपनी बेटी उषा की शादी 30 अप्रैल 2015 को चन्द्रभान के साथ की थी। हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। 2 माह के बाद ही ससुराल वाले दहेज में कार न देने का ताना देने लगे और उसको बात बात पर परेशान किया जाने लगा।

## निधि सुसाइड केस में नया मोड़, ब्लैकमेलर प्रेमी पर रिपोर्ट

- राधेश्याम एन्क्लेव में डॉक्टर के घर पर फांसी लगाकर कर ली थी आत्महत्या
- पिता का आरोप, ऑडियो-वीडियो वायरल करने की धमकी से तनाव में थी बेटी
- एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने प्रेमी रूपेश के खिलाफ की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस क्षेत्र में डॉक्टर के घर काम करने वाली युवती के आत्महत्या के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी प्रेमी रूपेश जाटव के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने और ब्लैकमेलिंग की धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पिता का आरोप है कि आरोपी उसकी बेटी को ऑडियो-वीडियो के जरिये डराता था।

बदायूं जिले के थाना दातागंज निवासी वेदराम गौतम की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया कि उनकी पुत्री राधेश्याम इन्क्लेव में डॉक्टर के आवास पर रहकर घरेलू कार्यों में हाथ बंटाती थी। इसी दौरान बदायूं के गांव पहऊवा निवासी रूपेश जाटव ने उसे शादी का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोप है कि परिजनों के विवाह प्रस्ताव रखने पर आरोपी मुकर गया, लेकिन युवती को लगातार परेशान और बहलाता रहा। आरोप है कि रूपेश के पास युवती की कुछ ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग थी, जिनके जरिये वह उसे ब्लैकमेल कर रहा था। साथ ही आरोपी के अन्य महिलाओं से भी संबंध थे, जिससे पीड़िता मानसिक तनाव में थी।

वेदराम के मुताबिक 21 जनवरी 2026 को उनकी बेटी ने डॉक्टर के आवास पर कमरे के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। घटना की जानकारी तब हुई जब डॉक्टर की बेटी व अन्य कर्मचारी ऊपर देखने पहुंचे थे। परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी ने रूपेश के दुर्व्यवहार और ब्लैकमेलिंग से तंग आकर ही यह आत्मघाती कदम उठाया। पोस्टमार्टम और पंचनामे की कार्रवाई के बाद, पीड़ित पिता ने न्याय की गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए, जिसके बाद बारादरी पुलिस ने आरोपी रूपेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एमईएस ठेकेदार के गोदाम से लाखों की चोरी

- 14 मार्च की घटना, एसएसपी के आदेश पर कैंट थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा
- थाना पुलिस की टालमोटल और दिनदहाड़े हुई वारदात से स्थानीय व्यापारियों में रोष

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए अज्ञात चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया है। मिलिट्री इंजीनियर सर्विस (एमईएस) के ठेकेदार प्रशांत प्रजापति के डिफेंस कॉलोनी स्थित गोदाम का दिनदहाड़े ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद पुलिस की शुरुआती शिथिलता ने खाकी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एसएसपी के आदेश पर गुरुवार को पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ठेकेदार प्रशांत प्रजापति के मुताबिक 14 मार्च की दोपहर में जब वह अपने गोदाम पहुंचे, तो वहां का मंजर देखकर दंग रह गए। गोदाम के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी और अंदर रखा कीमती सामान गायब था। चोरों ने दो समरसेबल मोटर, एक सादा मोटर, दो ड्रिल मशीनें, कटर मशीन, भारी मात्रा में लोहे के एंगल, कुंडे-कुंडी, कीलें और लोहे के तारों समेत अन्य हार्डवेयर का सामान चोरी कर लिया। चोरी गए सामान की बाजार में कीमत लाखों रुपये है।

प्रशांत प्रजापति का कहना है कि उन्होंने थाना कैंट में लिखित तहरीर दी और कई बार पुलिस के चक्कर लगाए, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने में टालमटोल की। अंततः हताश होकर एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई। एसएसपी के कड़े रुख और आदेश के बाद ही पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन पुलिस की शुरुआती कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्र के व्यापारियों में गहरा रोष व्याप्त है।

### पॉश इलाके से कार चोरी की कोशिश

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के पॉश इलाके रामपुर गार्डन में बुधवार रात तीन चोरों ने आनंद आश्रम के समीप रहने वाले अभिलाष अग्रवाल के आवास के बाहर से उनकी कार चुराने की कोशिश की। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में यह घटना कैद हो गई। चोरों ने पहले उनकी कार का शीशा तोड़ा और फिर उसे स्टार्ट कर चोरी करने का प्रयास किया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## पूर्व विधायक को पति बताकर दी थी भरण पोषण दिलाने की अर्जी, खारिज

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बदायूं निवासी पूर्व विधायक रामसेवक (75) को पति बताकर भरण पोषण के लिए रकम दिलाने के लिए पारिवारिक न्यायालय में थाना इज्जतनगर के वसंत विहार निवासी भाग्यश्री (35) ने वर्ष 2022 में वाद दायर किया था। अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने वादिनी को पत्नी नहीं मानते हुए भरण पोषण अर्जी खारिज कर दी।

वादिनी ने न्यायालय में अर्जी देकर बताया था कि उसका विवाह वर्ष 2007 में बदायूं सिविल लाइन्स जवाहरपुरी निवासी राम सेवक के साथ हुआ था। उसके संसर्ग से एक पुत्री का जन्म हुआ, जो कि 14 साल की है। पति व उनके परिजनों ने जीना मुहाल कर घर से निकाल दिया है। अपनी मां के घर पर रह रही है। वहीं रामसेवक ने जवाब दाखिल कर बताया कि भाग्यश्री से उनकी कोई पुत्री नहीं है, भाग्यश्री ने कहा था कि मेरा पहले पति से तलाक हो गया है एवं आपकी पत्नी का स्वर्गवास हो गया है। हम आपकी देखरेख करेंगे, गर्भावस्था में ही साथ रहने लगी, कुछ समय बाद उसकी पुत्री हुई थी। भाग्यश्री का पहले पति से तलाक नहीं हुआ है। षडयंत्र के तहत सम्पत्ति अपने नाम कराना चाहती है।

सिटी ब्रीफ

### सांसद छत्रपाल ने सात दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हार्टमैन रामलीला मैदान में सात दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ शनिवार की शाम सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने फीता काटकर किया। हार्ट मैन रामलीला मैदान परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी में सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियां को दर्शाया है। प्रदर्शनी 26 मार्च तक चलेगी। विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, मेयर डॉ. उमेश गौतम, डीएम अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, जिला सूचना अधिकारी नीतू कनौजिया आदि अधिकारी एवं लोग उपस्थित रहे।

### नवरात्र के दूसरे दिन भी हुईं तीन सौ रजिस्ट्री

बरेली, अमृत विचार : नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को जिले भर में तीन सौ रजिस्ट्रियां लोगों ने कराईं। सुबह दस बजे से ही रजिस्ट्री कार्यालय में लोगों की लाइनें लगने लगीं। उप निबंधक प्रथम और द्वितीय के यहां रजिस्ट्री हुईं। इससे पहले पितृ पक्ष के कारण रजिस्ट्री की संख्या कम थी, लेकिन नवरात्र के पहले दिन से इसमें बढ़ोतरी हुई है। सहायक महानिरीक्षक निबंधन तेज सिंह यादव ने बताया कि नवरात्र के दौरान रजिस्ट्री की संख्या में और वृद्धि होगी। यही वजह है कि रविवार को भी रजिस्ट्री कार्यालय खोलने का फैसला लिया गया है।

### आउटसोर्सिंग कर्मियों का मानदेय तत्काल जारी किया जाए

बरेली, अमृत विचार : ईद से पहले फरवरी माह का वेतन न मिलने के कारण आउटसोर्सिंग कर्मियों में गहरा असंतोष है। शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष हरी शंकर ने इस स्थिति पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा है कि अल्प मानदेय पर काम करने वाले इन कर्मचारियों के लिए त्योहार के समय आर्थिक तंगी झेलना अत्यंत कष्टकारी है। वेतन भुगतान में हो रही यह देरी कर्मचारियों के मनोबल को तोड़ रही है। मांग करते हुए कहा कि कर्मियों को तत्काल मानदेय जारी किया जाए।

# वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनने की ओर बढ़ रहा प्रदेश : धर्मपाल सिंह

- नव निर्माण के नौ वर्ष के अवसर पर जीआईसी ऑडिटोरियम में हुआ भव्य कार्यक्रम, योगी सरकार की प्राथमिकताएं गिनाईं
- जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी किए लाभान्वित
- पहले 13 हजार करोड़ रुपये की थी जीडीपी, अब 36 लाख करोड़ के पार पहुंची

कार्यालय संवाददाता, बरेली


लाभार्थियों के साथ पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, मेयर डॉ. उमेश गौतम व अन्य जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार


काली मां की झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

अमृत विचार : प्रदेश सरकार के अभूतपूर्व विकास और सतत समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को नव निर्माण के 9 वर्ष कार्यक्रम का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज स्थित ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश में राजनीति का यह स्वर्ण युग चल रहा है। योगी सरकार की दो प्राथमिकताएं सुरक्षा और विकास हैं। पिछली सरकारों में दो-तीन जनपदों में विकास हो रहा था। पहले 13 हजार करोड़ की जीडीपी थी, अब 36 लाख करोड़ की जीडीपी है। प्रदेश वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि जनपद में लीलौर झील के विकास के लिए भी सरकार ने धनराशि दी है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि अफवाहों से सावधान रहें। गैस की किल्लत नहीं होने दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार प्रदेश के चौमुखी और समग्र विकास के लिए सतत प्रतिबद्ध है। सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि बरेली को भी बहुत कुछ मिला है। यहां के तीनों रेलवे स्टेशन का विकास हुआ है, वंदे भारत ट्रेन बरेली में भी आयी है। महापौर डॉ उमेश गौतम ने कहा कि इन सालों में बरेली में भी बड़े-बड़े प्रोजेक्ट आये हैं। इन प्रोजेक्ट में लोगों को रोजगार मिला है। हम सरकार के 14 वर्ष और 24 वर्ष भी मनायेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्णायक और पारदर्शी नेतृत्व के तीन प्रमुख आधार स्तंभ रहे हैं।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि प्रदेश पहले उत्तम प्रदेश और उत्तम प्रदेश से उत्सव प्रदेश बना है।सांस्कृतिक दलों ने नारी शक्ति, मयूर नृत्य एवं राधा कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में एमएलसी कुंवर महाराज सिंह व बहोरन लाल मौर्य, विधायक मीरगंज डॉ. डीसी वर्मा, विधायक नवाबगंज डॉ. एमपी आर्य, विधायक बिथरी चैनपुर डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बरेली सोमपाल शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, भाजपा जिलाध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह, अनिल कुमार एडवोकेट, सीडीओ देवयानी उपस्थित रहे।

### इन लाभार्थियों को किया गया लाभान्वित

कार्यक्रम में आयुष्मान योजना में रेखा, सुबीता, मीता गुप्ता, लक्ष्मी, छाया को आयुष्मान कार्ड, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में तारा बी व इंदु भारती को ट्रेड टेलर की टूल किट, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में शिवानी पटवाल, रुकमणी, अनीता गोस्वामी, राजेश्वरी माथुर, मुन्नी देवी को स्वीकृति चेक, कृषि यंत्रीकरण योजना में अंशु देवी, वेद प्रकाश, पूरनलाल, श्यामलाल, स्वच्छ भारत मिशन में नेमचन्द्र, मुकेश, गुड्डी देवी, वीरपाल, देवेश पाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 में लाभार्थी नत्थो देवी, ओमवती, फूला देवी, लीलावती, रुकमणी को आवास के स्वीकृत पत्र, पीएम सूर्य घर योजना में सुशील कुमार, ओमेन्द्र चौहान, संजीव रंजन दलेला को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### स्टाल लगाकर दी योजनाओं की जानकारी

कृषि, खादी एवं ग्रामोद्योग, पशुपालन, स्वास्थ्य, बाल विकास, विद्युत, पशुपालन, उद्योग, प्रोबेशन विभाग, जल जीवन मिशन (ग्रामीण), लोनिवि, बीडीए आदि विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्टालों का अवलोकन किया।

# गैंग बनाकर अवैध खनन करने वालों पर लगेगी एनएसए

## डीएम ने कहा, अवैध खनन पर पूर्णता अंकुश लगाने को संलिप्त लोगों पर के खिलाफ होगी गैंगस्टर की कार्रवाई

- पूर्व में बहेड़ी में अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध दर्ज कराए गए थे अलग-अलग 40 मुकदमे

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अमृत विचार : गैंग बनाकर अवैध खनन करने वाले बभिया के कृपाल सिंह और उसके गैंग में शामिल सदस्यों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी है। अवैध खनन में संलिप्त लोडर, ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ने पहुंचे राजस्व और खनन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों पर हमले की कोशिश, पथराव करने वाले गैंग लीडर कृपाल सिंह और उसके साथी महेश सहित गैंग में शामिल अन्य सदस्यों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) और गैंगस्टर लगायी जाएगी। डीएम अविनाश सिंह ने गैंग के विरुद्ध एनएसए और गैंगस्टर की कार्रवाई करने के लिए एसएसपी से बात की है। कार्रवाई के लिए आरोपियों की कुंडली खंगाली जा रही है।

डीएम अविनाश सिंह ने शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में बातचीत में बताया कि पिछले दिनों बहेड़ी में अंतर्राज्यीय ट्रांजिट परमिट के बिना उत्तराखंड से खनिज लाकर जिला प्रशासन को राजस्व का नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गयी थी। अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध बहेड़ी, देवरनिया और अन्य थानों में 40 से ज्यादा मुकदमे दर्ज किए गए थे। डीएम ने बताया कि अवैध खनन के विरुद्ध जबर्दस्त मुहिम चलाई जा रही है, जिससे इसमें संलिप्त लोगों का धंधा-पानी बंद होने की स्थिति में पहुंच गया है इसलिए उनमें बौखलाहट है। यही वजह है कि बभिया में 15 और 16 मार्च की मध्य रात्रि में अवैध खनन पर कार्रवाई करने के दौरान खान और राजस्व विभाग के अधिकारियों पर अवैध खनन में संलिप्त लोगों ने हमला किया था। वाहनों पर पथराव कर एक ट्रैक्टर ट्राली छुड़ाकर ले गए थे। डीएम ने बताया कि गैंग पर एनएसए जैसी कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। एनएसए और गैंगस्टर लगाने के लिए एसएसपी से भी बात हो चुकी है। डीएम ने बताया कि अवैध खनन की कमर तोड़ने के लिए बड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस, राजस्व, खनन और परिवहन विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी टीम बनाकर काम कर रहे हैं। दरअसल, गुरुवार को बभिया क्षेत्र में गैंग बनाकर अवैध खनन कराने वाले कृपाल सिंह, महेश सहित चार अन्य लोगों के विरुद्ध कैंट थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अवैध खनन पर सख्ती, 404 प्रतिशत बढ़ा राजस्व



बरेली, अमृत विचार : अंतर्राज्यीय ट्रांजिट परमिट (आईएसटीपी) के बिना उत्तराखंड से अवैध रूप से जिले में खनिज लाकर राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले माफिया पर जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। अवैध खनन में संलिप्त लोगों पर सख्ती से राजस्व विभाग की झोली भरी है। डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि पिछले साल नवंबर से इस साल जनवरी के बीच 4.85 करोड़ रुपये राजस्व में वृद्धि दर्ज की गयी है। पिछले साल नवंबर में जहां रेवेन्यू 1.2 करोड़ था, वहीं फरवरी में 6.05 करोड़ रुपये पहुंच गया। राजस्व में 404 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि पिछले साल नवंबर में अंतर्राज्यीय ट्रांजिट परमिट से उप खनिज लाने पर 1.2 करोड़ का राजस्व प्राप्त हो रहा था। तमाम शिकायतों के बाद अवैध रूप से बिना अंतरराज्यीय ट्रांजिट परमिट के खनिज जिले में लाने पर सख्ती शुरू की गयी। इसमें संलिप्त लोगों की धरपकड़ के साथ वाहनों को जब्त किया गया। ताबड़तोड़ मुकदमे दर्ज कराए गए। इससे अवैध रूप से खनिज लाने वालों की कमर टूटी और राजस्व में बढ़ोत्तरी हुई। दिसंबर में 37 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ 1.6 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। नैनीताल रोड पर किच्छा-बहेड़ी के बीच स्थित टोल प्लाजा और दोहना टोल प्लाजा पर वाहनों की चेकिंग सख्ती से करने के लिए अधिकारियों की टीम के तैनात होने के बाद इस साल जनवरी में राजस्व में 122 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होने पर 3.7 करोड़ रुपये का राजस्व मिला। फरवरी में 62 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होने पर 6.05 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है। डीएम ने बताया कि नवंबर से लेकर फरवरी तक 404 प्रतिशत वृद्धि के साथ राजस्व में 4.85 करोड़ रुपये अधिक प्राप्त हुए हैं।

### पनघैली नदी पर पुल की मंजूरी से खिल उठे चेहरे

बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार: पनघैली नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति मिलते ही लोगों के चेहरे खिल उठे। शुक्रवार को नकटपुर और आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण विधायक डॉ. एमपी आर्य के आवास पहुंचे। नारों के बीच विधायक का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। कैंप कार्यालय पर नकटपुर, नरहरपुर, गौरी खेड़ा, सुखरी, अमशाह और नवदिया के लोग एकजुट नजर आए। हर किसी की जुबान पर पुल बनने की खुशी और राहत की बात थी। विधायक डॉ. एमपी आर्य ने कहा कि यह जनता की जीत है और उनकी आवाज को शासन तक पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्या को समझते हुए तुरंत पुल निर्माण को हरी झंडी दी।

# 300 बेड अस्पताल : बारिश होते ही लापता हो गए डॉक्टर


300 बेड अस्पताल में समय से पहले ओपीडी हुई बंद और लटके ताले। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : यूं तो 300 बेड अस्पताल में ओपीडी करने वाले डॉक्टरों समेत अन्य स्टाफ पर आए दिन मरीज कुछ न कुछ आरोप लगाते रहते हैं, लेकिन शुक्रवार को बारिश के कारण मौसम में ठंड बढ़ी तो डॉक्टर दोपहर साढ़े 12 बजे ही लापता हो गए और उनके कमरों में ताला नजर आया। ओपीडी में ताला लटका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

शुक्रवार की सुबह से मौसम बारिश वाला था। ऐसे में 300 बेड अस्पताल में बैठने वाले डॉक्टर सुबह तो वहां पहुंचे थे, लेकिन जैसे ही वहां मरीज आना कम हुए और बारिश लगातार होती रही तो ओपीडी वाले कमरों में दोपहर साढ़े बारह बजे के आसपास ताले लग गए और डॉक्टरों के साथ पैरामेडिकल स्टाफ भी गायब हो गया। हालांकि इसके बाद भी ओपीडी में मरीज दवा लेने आते रहे, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। इसी बीच किसी ने ताले लटके ओपीडी कमरों का फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

> ओपीडी के जिन कक्षों में ताला लगा हुआ है। वहां रेजिडेंट डॉक्टर के आने पर उनकी ड्यूटी लगाई जाती है। डॉक्टरों की कमी के चलते सभी विभागों में डॉक्टर तैनात नहीं किए जा सके हैं। हालांकि डॉक्टरों की तैनाती के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया है।
> -डॉ. इंतजार हुसैन, सीएमएस 300 बेड अस्पताल

### रनिंग कर्मियों की भत्ता बढ़ोतरी को बताया बड़ी जीत

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई है। रेलवे बोर्ड ने रनिंग कर्मचारियों के किलोमीटर भत्ते में 25 प्रतिशत बढ़ोतरी के आदेश जारी कर दिए गए हैं। पूर्वोत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के महामंत्री एवं फेडरेशन के सहायक महामंत्री बसंत चतुर्वेदी ने इसे ऐतिहासिक जीत बताया। कहा कि इस मांग को लेकर फेडरेशन लगातार धरना-प्रदर्शन और बैठकों के माध्यम से आवाज उठाता रहा। फेडरेशन के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा ने भी डीसीजेसीएम और एमसीजेसीएम बैठकों में इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने बताया कि बढ़े हुए भत्ते का भुगतान एरियर सहित जल्द होगा। इज्जतनगर मंडल कार्यालय में कर्मचारियों ने फेडरेशन पदाधिकारियों को बधाई दी। इस दौरान तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।



# बरतें सावधानी : जागरूकता और गर्भावस्था में जांच टाल सकती खतरा

डाउन सिंड्रोम डे आज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- खून की जांच और लेवल टू अल्ट्रासाउंड से बीमारी की पहचान आसान
- जिला अस्पताल के मन कक्ष में हर माह पहुंच रहे 20-25 बीमारी से पीड़ित बच्चे
- महिला अगर 35 की उम्र से पहले गर्भवती बनने से बच्चों में कम रहता खतरा
- बिहेवियर थेरेपी से मिलता फायदा, एक हजार में एक बच्चे में दिखते हैं लक्षण

अमृत विचार: 'डाउन सिंड्रोम डे' के अवसर पर डॉक्टरों ने जागरूकता पर जोर देते हुए बताया कि समय पर जांच और सावधानी बरत कर डाउन सिंड्रोम के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। ऐसे बच्चों को अकेला न छोड़कर उनके साथ समय बिताएं। उनके सीखने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है, इसलिए छोटी छोटी उपलब्धि पर हौसला बढ़ाएं।

जिला अस्पताल के मन कक्ष प्रभारी डॉ आशीष सिंह ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान खून की जांच और लेवल-टू अल्ट्रासाउंड कराना बेहद जरूरी होता है। इन जांचों के माध्यम से गर्भ में पल रहे शिशु की स्थिति का पता लगाया जा सकता है और शुरुआती स्तर पर ही संभावित समस्या की पहचान संभव है।

उन्होंने बताया कि यदि महिला 35 वर्ष की उम्र से पहले गर्भधारण करती है तो डाउन सिंड्रोम का खतरा अपेक्षाकृत कम हो जाता है। अधिक उम्र में गर्भधारण करने पर इसका जोखिम बढ़ जाता है, इसलिए समय पर परिवार नियोजन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

डॉ आशीष के मुताबिक जिला अस्पताल में हर माह ऐसे 25-30 बच्चे आते है। ऐसे बच्चों के लिए बिहेवियर थेरेपी की जाती है, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास में मदद मिलती है। आंकड़ों के अनुसार लगभग एक हजार बच्चों में से एक में डाउन सिंड्रोम के लक्षण पाए जाते हैं। इस बीमारी को पूरी तरह से ठीक नहीं किया जा सकता है, लेकिन उचित देखभाल, प्रशिक्षण और थेरेपी के जरिये बच्चे सामान्य जीवन जी सकते हैं। ऐसे बच्चों को परिवार और समाज का सहयोग सबसे ज्यादा जरूरी होता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे ऐसे बच्चों को कभी अकेलापन महसूस न होने दें। उन्हें परिवार की मुख्यधारा में शामिल रखें, उनके साथ समय बिताएं और उनकी क्षमताओं को निखारने का प्रयास करें।



> गर्भावस्था में खून की जांच और लेवल टू अल्ट्रासाउंड के साथ ट्रिपल मार्कर टेस्ट कराने से गर्भ में पल रहे बच्चे में इस बीमारी की स्थिति का पता लगाया जा सकता है, इसलिए ये जांचें जरूरी हैं। साथ ही ऐसे बच्चों को हर छोटी-छोटी बात पर हौसला अफजाई की जरूरत है। - डॉ. आशीष सिंह, मनोचिकित्सक, मन कक्ष प्रभारी




# कोयले की भट्ठी व अंगीठी की बढ़ी मांग

गैस किल्लत

- बाजार में इंडक्शन के बराबर कोयले की भट्ठी की कीमत
- बांस मंडी में कारीगर कोयले की भट्ठी व अंगीठी बनाने में जुटे

कार्यालय संवाददाता, बरेली


कोयले की भट्ठी के बारे में जानकारी देता दुकानदार। ● अमृत विचार

अमृत विचार : गैस किल्लत से रसोइघरों का बजट गड़बड़ा गया है। लोग पारंपरिक विकल्पों की तरफ रूख कर रहे हैं। यही वजह है कि जो कोयले की भट्ठियां पहले एक हजार से 15 सौ रुपये में मिल जाती थीं। अब उनके दाम बढ़ गए हैं। बाजार में औसतन एक इंडक्शन चूल्हे की कीमत करीब तीन हजार रुपये है। इतने ही दाम में कोयले की भट्ठी बेची जा रही है।

बांस मंडी में इन दिनों युद्ध स्तर पर भट्ठियां, चूल्हे और अंगीठी बनाने का काम चल रहा है। स्थानीय कारीगर मोहम्मद नाजिम के अनुसार जब से गैस की किल्लत शुरू हुई है, तब से इन पारंपरिक साधनों की मांग कई गुना बढ़ गई है। आमतौर पर गर्मियों की शुरुआत में अंगीठी और भट्ठियों का बाजार पूरी तरह ठंडा रहता था, लेकिन इस साल स्थिति बिलकुल अलग है। लोहे के छोटे चूल्हे, जो पहले 150 रुपये में बिकते थे, अब 250 से 300 रुपये में बिक रहे हैं।

नाजिम के मुताबिक होटल और रेस्टोरेंट में गैस की सप्लाई प्रभावित होने से अब वहां के संचालक कोयले वाली भट्ठियों की मांग कर रहे हैं। भट्ठियों की कीमतें आसमान छू रही हैं। कारीगर हाफिज का कहना है कि मांग को देखते हुए कोयले वाली भट्ठियां तैयार करने में जुट गए हैं।

### इंटरनेट में दिक्कत ओपीडी में हाथ से बनाए गए पर्चे

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल की ओपीडी में लगा इंटरनेट रिसीवर खराब गया। इसके चलते दो दिनों से ऑनलाइन पर्चा न बनकर हाथ से बनाए जा रहे हैं। इससे समय लग रहा।

बुधवार को भी पर्चा काउंटर पर ऑनलाइन पर्चा बनाने की प्रक्रिया दो घंट प्रभावित हुई थी। गुरुवार को सुबह से ही पर्चा काउंटर के इंटरनेट सिस्टम में खराबी आ गई और तमाम कोशिशों के बाद भी उसे सही नहीं किया जा सका। मरीजों को पर्चा बनवाने में परेशानी का सामना कर पड़ा। एडीएसआई रमेश चंद्र दीक्षित ने बताया कि संबंधित कंपनी को इंटरनेट में खराबी की सूचना दे दी गई है। टीम समस्या को दूर करने में जुटी है।

# भाजपा महानगर ने नामित पार्षदों को सम्मानित किया



सांसद छत्रपाल गंगवार, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना के साथ नामित पार्षद।

बरेली, अमृत विचार : भाजपा महानगर ने शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय पर नामित पार्षदों का सम्मान किया। सांसद छत्रपाल गंगवार और महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने दस नामित पार्षदों में वीरेंद्र अरोड़ा, हरीश बाबू वाल्मीकि, ज्ञान प्रकाश लोधी, राम बहादुर मौर्य, पंडित हरिओम गौतम, राजीव गुप्ता, कमला देवी कश्यप, अशोक चौहान, सुमित सैनी, गौरव सक्सेना को सम्मानित किया।

महामंत्री विष्णु शर्मा, डॉ. आदेश गंगवार, राजीव साहनी, विष्णु अग्रवाल, डॉ तृप्ति गुप्ता, प्रवेश वर्मा, बंटी ठाकुर, अमरीश कठेरिया, प्रतेश पाण्डेय, छंगामल मौर्य, सतीश कातिब मम्मा, शालिनी जौहरी, अतुल कपूर मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### शोभायात्रा का किया भव्य स्वागत

**बरेली, अमृत विचार :** भगवान झूलेलाल जयंती पर निकाली गयी शोभायात्रा का विश्व हिंदू परिषद की टीम ने सिंधु पैलेस पर स्वागत किया। महानगर मंत्री संजय शुक्ला, राजकुमार राजपूत, नीरज चौरसिया, कमलेश वर्मा, शोभित मिश्रा, भगवान स्वरूप, संजय गुप्ता, कपिल चंदानी, गिरधर गोपाल खट्टर, आशीष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### आज नहीं होगा मूल्यांकन कार्य

**बरेली, अमृत विचार :** ईद के अवकाश के चलते शनिवार को जिले में बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य स्थगित रहेगा। डीआईएसओ डॉ अजीत कुमार ने बताया कि ईद के कारण एक दिन का अवकाश रहेगा, इसके बाद मूल्यांकन कार्य पुन: शुरू कर दिया जाएगा। शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज में 12058, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 18858, एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज में 12689, एसबी इंटर कॉलेज में 23992 कॉपियां चेक हुईं।

### हिंदू नव वर्ष पर भजन-कीर्तन किया

**बरेली, अमृत विचार :** हिंदू नव वर्ष पर अलखनाथ मंदिर परिसर में नवदुर्गा मंदिर कीर्तन मंडल की ओर से भजन–कीर्तन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कीर्तन मंडल की प्रमुख मिथिलेश गौड़ ने बताया कि यह कीर्तन पिछले लगभग 20 वर्षों से प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से होता आ रहा है। सरोज अग्रवाल, गोला देवी, विनिता अग्रवाल, मंजू तिवारी, उषा अग्रवाल, रानी शर्मा, बीना अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

### मिशन गोल्ड के लिए यूपी टीम रांची रवाना

**बरेली, अमृत विचार :** 28वीं सब जूनियर नेशनल सेपकटाकरा चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए प्रदेश की टीम शुक्रवार को बरेली जंक्शन से रांची के लिए रवाना हो गई। उत्तर प्रदेश सेपकटाकरा एसोसिएशन के अध्यक्ष कार्तिक आनंद के मार्गदर्शन और संयुक्त सचिव तान सिंह के नेतृत्व में टीम प्रतियोगिता में उतरेगी।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में बरेली ने क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

**बरेली, अमृत विचार :** मंडल स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में बरेली की टीम ने शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में मुरादाबाद को 4-0 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आदित कुमार और मो. आदिल ने गोल दागे।

आगरा, अलीगढ़ और मिर्जापुर के खिलाफ खेले गए मुकाबलों में भी टीम ने प्रभावशाली जीत हासिल की। टीम के कोच आशू भारती ने कहा कि सभी खिलाड़ी बेहतरीन तालमेल के साथ खेल रहे हैं। क्वार्टर फाइनल को लेकर टीम में उत्साह का माहौल है। फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मून रौविन्शन ने टीम को बधाई दी है।

# सनातन संस्कृति मेले का भव्य शुभारंभ, प्रतिभागियों ने दी प्रस्तुति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मंत्री नंद गोपाल नंदी व विधायक एमपी आर्य ने किया उद्घाटन**

**अमृत विचार :** सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट की ओर से बरेली क्लब मैदान में आयोजित सनातन संस्कृति मेले का शुभारंभ शुक्रवार को मंत्री नंद गोपाल नंदी और नवाबगंज विधायक एमपी आर्य ने संयुक्त रूप से हवन- पूजन व फीता काटकर किया। मेले में बड़ी संख्या में बड़ों के साथ बच्चों ने भाग लिया।

प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से आयोजन में चार चांद लगा दिए। कलाकार अभिलाष पांडे की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य, प्रश्नोत्तरी समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्टॉलों पर लोगों ने खूब खरीदारी की। खाने-पीने और घरेलू उपयोग की वस्तुओं के साथ पारंपरिक सामग्री ने भी लोगों का ध्यान खींचा। इस दौरान लोग उत्साहित नजर आए। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना और समाज में सांस्कृतिक चेतना को सशक्त बनाना है। ट्रस्ट के अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल, सचिव भावेश अग्रवाल, सुबोध गुप्ता, राहुल गुप्ता, मेला प्रभारी मुकेश जैन, आलोक अग्रवाल, डॉ. पवन अग्रवाल, प्रवेश उपाध्याय, डॉ. रूचिन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



सनातन संस्कृति मेले में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। ● अमृत विचार


हवन में आहुति देते मंत्री नंद गोपाल नंदी व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# झूलेलाल जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

## छेजी नृत्य और सिंधी भजनों से गूंजा शहर, प्रतिभाओं को सम्मानित किया, झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया**

**अमृत विचार :** वरुण देव के अवतार भगवान झूलेलाल की जयंती एवं चेटीचंड महोत्सव शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिंधी समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने राजस्थान से आई विशेष शहनाई की धुन पर जमकर डांडिया और छेजी नृत्य किया। सिंधी भजनों से पूरा वातावरण सिंधमय हो गया।

शोभायात्रा में भगवान झूलेलाल और संत कंवर राम की आकर्षक झांकियां प्रमुख आकर्षण रहीं। भगवान झूलेलाल की झांकी में राजगोपाल खट्टर तथा संत कंवर राम की झांकी में हरीश खानचंदानी सुशोभित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सिंधु नगर में भगवान झूलेलाल की ज्योति प्रज्ज्वलित करके की गई। इसके बाद छेजी नृत्य और डांडिया प्रस्तुतियां हुईं।


शहर में निकली शोभायात्रा में भजनों पर झूमते–नाचते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

इस अवसर पर समाज की ओर से दो प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। शंकर लाल दरियाणा को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए तथा शिखर मूलचंदानी को गुजरात न्यायिक सेवा में चयनित होने पर सम्मानित किया गया।

शोभायात्रा झूलेलाल मंदिर, सिंधु नगर से प्रारंभ होकर ईसाइयों की पुलिया, श्यामगंज, शहदाना, आईटीआई चौराहा, मूर्ति नर्सिंग होम, प्रेम नगर, धर्मकांटा, राम जानकी मंदिर, शील चौराहा, बांके बिहारी मंदिर होते हुए डेलापीर स्थित झूलेलाल द्वार पर संपन्न हुई। यात्रा के बाद पवित्र अखंड ज्योत का नकटिया नदी में विसर्जन किया गया। शहर के विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, विश्व हिंदू परिषद, पंजाबी महासभा, खुशलोक ट्रस्ट, गंगाशील ग्रुप, राजानी कोल्ड स्टोरेज सहित कई संस्थाओं ने जलपान की व्यवस्था की। कार्यक्रम में चिमनदास आयलानी, देवीदास कवलानी, प्रकाश आयलानी, जुगल सुखानी, प्रदीप देवनानी, विजय मूलचंदानी, डॉ. विनोद पागरानी, श्याम मिठवानी, मुकेश खटवानी, दुर्गेश खटवानी, लेखराज मोटवानी, डॉ. गोविंद भारवानी, जितेंद्र देवनानी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। केमिस्ट एसोसिएशन ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया।

## संप्रेषण गृह में शुरू होंगी सांस्कृतिक गतिविधियां

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक केंद्र के कल्चरल क्लब ने राजकीय संप्रेषण गृह और नारी निकेतन में रह रहे किशोर-किशोरियों के समग्र विकास के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक क्षमताओं को निखारना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

विश्वविद्यालय के कल्चरल क्लब के विद्यार्थियों ने राजकीय संप्रेषण गृह और नारी निकेतन का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने वहां रह रहे किशोरों और किशोरियों से संवाद कर उनकी रुचियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान बच्चों ने डांस, ड्रामा, म्यूजिक और वाद्ययंत्र बजाने में विशेष रुचि दिखाई। सांस्कृतिक केंद्र की समन्वयक डॉ. ज्योति पांडेय ने बताया कि डांस, ड्रामा, म्यूजिक, आर्ट, पेंटिंग और मेहंदी के अलग-अलग समूह बनाए गए हैं। इन समूहों के माध्यम से नियमित रूप से प्रशिक्षण और रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# 25 पदक के साथ सीईटी बना आमोद चैंपियन



विजेताओं को सम्मानित करते चेयरमैन देव मूर्ति। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **चेयरमैन देव मूर्ति ने विजेता टीमों को प्रदान की ट्राफी**

**अमृत विचार :** दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव आमोद 2026 में एसआरएमएस सीईटी को चैंपियन बनने का गौरव हासिल हुआ। सीईटी ने 14 गोल्ड, 8 सिल्वर और 3 ब्रांज मेडल के साथ आमोद की ट्राफी अपने नाम की। सभी स्पर्धाओं के विजेताओं खिलाड़ियों को चेयरमैन देवमूर्ति व सचिव आदित्य मूर्ति ने पुरस्कृत किया।

एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के फुटबॉल ग्राउंड पर सीईटी, सीईटीआर, मेडिकल, पैरामेडिकल, नर्सिंग के विद्यार्थियों ने बालक और बालिका वर्ग में बैडमिंटन, फुटबाल, बास्केटबाल, शतरंज, खो-खो, टेबल टेनिस, वालीबॉल, कैरम, कबड्डी के साथ एथलेटिक्स की 17 स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। शाम को पुरस्कार वितरण के साथ आमोद 2026 का समापन हुआ। 25 मेडल हासिल करने पर सीईटी को चैंपियन घोषित किया गया। आईएमएस ने 11 गोल्ड, 15 सिल्वर और 3 ब्रांज मेडल हासिल किए। लंबी कूद बालिका वर्ग का रिजल्ट घोषित नहीं किया गया। इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.शैलेश सक्सेना, डॉ.जसप्रीत कौर, डॉ.मुथु महेश्वरी, डॉ.एमएस बुटोला, डॉ.अनुज कुमार, डॉ. अमित कुमार शर्मा, डॉ. सौरभ गुप्ता, विवेक यादव, कोच नितिन सक्सेना, अनुज शर्मा, युसुफ अंसारी, शंकरपाल मौजूद रहे।

# स्वच्छता और बीमारियों से बचाव के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बिथरी चैनपुर के गांव डोहरिया में सात दिवसीय शिविर का समापन**
- **स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों से संवाद किया**

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस यूनिट थर्ड) की ओर से बिथरी चैनपुर के गांव डोहरिया में सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता और बीमारियों से बचाव के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया।

स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, वित्तीय साक्षरता एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर अभियान चलाया। रैलियों के साथ घर-घर संपर्क एवं संवाद के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ जीवनशैली अपनाने, बीमारियों से बचाव, डिजिटल लेन-देन की सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा तथा कुरीतियों के प्रति जागरूक किया। स्वर्णिमा सिंह ने महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया, वहीं मनीषा सक्सेना ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व को समझाया। महिमा तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। जबकि श्रेया भारद्वाज ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। सुजाता कटियार ने वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल भुगतान की सुरक्षा के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रदान की।

प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना का विकास करते हैं। शैक्षणिक प्रभारी डॉ. अमरनाथ शर्मा ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। ग्राम प्रधान नेत्रपाल व विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू सिंघल ने इस प्रकार के शिविर को ग्रामीणों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंकित कुमार के निर्देशन में हुआ।



पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोहरिया में उपस्थित राष्ट्रीय सेवा योजना की टीम।

## सिटी डायरी

### अखंड ज्योति शताब्दी पर बरेली पहुंचेगा ज्योति कलश रथ



बरेली, अमृत विचार : गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की ओर से प्रज्ज्वलित सन 1926 की अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ज्योति कलश रथ यात्रा बरेली पहुंच रही है। यह रथ जनपद में विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करता हुआ इज्जतनगर क्षेत्र के सेवा धाम कॉलोनी मिनी बाईपास स्थित शिव मंदिर पर 29 मार्च को पहुंचेगा। गायत्री परिवार के पदाधिकारियों ने बताया कि रथ यात्रा के आगमन पर क्षेत्र में भव्य स्वागत किया जाएगा। श्रद्धालुओं को अखंड ज्योति के दर्शन का अवसर मिलेगा। उन्होंने जनसामान्य से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आयोजन में सहभागिता करने का आह्वान किया है।

### यूपीएससी में 337वीं रैंक पाने पर उत्कर्ष मिश्रा का सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने बिहारीपुर खत्रियान स्थित शिविर कार्यालय में यूपीएससी परीक्षा में 337वीं रैंक प्राप्त करने वाले उत्कर्ष मिश्रा को सम्मानित किया। उत्कर्ष ने कहा कि उन्हें जीवन में हमेशा अच्छे लोगों का साथ मिला, जिन्होंने उन्हें निरंतर प्रोत्साहित किया। आगे भी बेहतर करने का प्रयास जारी रहेगा। उत्कर्ष के पिता ने बेटे की सफलता पर खुशी जताते हुए उसकी मेहनत की सराहना की। राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी, राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय राज शर्मा, मंडल अध्यक्ष अरुण शुक्ला, महामंत्री विशाल शर्मा, जिलाध्यक्ष संजीव अवस्थी, प्रखर पाठक ने उत्कर्ष को सम्मानित किया। अलका त्रिवेदी ने तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर अभिनंदन किया।

### नई पीढ़ी को अवंतीबाई के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताएं



**बरेली, अमृत विचार :** डमरू चौराहा के पास अवंतीबाई पार्क में शुक्रवार को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महानायिका वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पार्षद हरिशंकर लोधी ने कहा कि रानी अवंतीबाई का त्याग और साहस हर भारतीय के लिए प्रेरणापुंज है। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्रभक्ति की जो अलख जगाई थी, उसे जीवित रखना हमारा कर्तव्य है। नई पीढ़ी को उनके गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराने की जरूरत है। पार्षद रूपकिशोर, पूरन लाल, प्रभुदयाल, एनएल राजपूत, श्याम सुंदर, लक्ष्मी नारायण, सतीश आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कला कार्यशाला में जुटे देशभर के कलाकार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय कला कार्यशाला में देशभर के कलाकार अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उत्कर्ष ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में कलाकार राष्ट्रीय संस्कृति के उत्थान में संघ की भूमिका और राष्ट्र निर्माण में योगदान जैसे विषयों पर आधारित कलाकृतियां तैयार कर रहे हैं। उद्घाटन समारोह में कुलाधिपति एवं महापौर डॉ. उमेश गौतम, प्रो-चांसलर पार्थ गौतम, संस्कार भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बांके लाल और पूर्व कुलपति डॉ. आरपी सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला में प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली, राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों से कलाकार भाग ले रहे हैं। आयोजन रविवार तक चलेगा। समापन पर उत्कृष्ट पांच कलाकृतियों को 10-10 हजार रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे।



# रुविवि को नया कुलपति या प्रो. केपी को मिलेगा तीसरा कार्यकाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मौजूदा कुलपति का अगस्त 2026 में पूरा होने जा रहा कार्यकाल**
- **विश्वविद्यालय में नए कुलपति चयन के लिए राजभवन ने मांगे आवेदन**

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति पद को लेकर हलचल तेज हो गई है। इस संबंध में राजभवन की ओर से विज्ञापन जारी होने के साथ नए कुलपति की तलाश शुरू हो गई है। मौजूदा कुलपति प्रो. केपी सिंह का कार्यकाल अगस्त 2026 में पूरा हो रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या उन्हें तीसरा कार्यकाल मिलेगा या विश्वविद्यालय को कुलपति के रूप में नया चेहरा मिलेगा।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय में प्रो. केपी सिंह ने अगस्त 2020 में कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण किया था। यह उनका लगातार दूसरा कार्यकाल है। उनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय में कई प्रशासनिक और शैक्षणिक सुधार देखने को मिले। ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली को व्यवस्थित करना, परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाना और समयबद्ध परीक्षा परिणाम जारी करने की दिशा में प्रयास उनके प्रमुख कार्यों में शामिल रहे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत पाठ्यक्रमों में बदलाव और कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना भी उनके कार्यकाल की अहम उपलब्धियों में गिना जा रहा है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने वाला पहला विश्वविद्यालय बना था। हालांकि, उनके कार्यकाल में कुछ विवाद और चुनौतियां भी सामने आईं, जिनमें परीक्षा परिणामों में देरी, चयन प्रक्रियाओं को लेकर उठे सवाल और प्रशासनिक स्तर पर विरोध शामिल रहे। अब जब राजभवन ने नए कुलपति के लिए आवेदन मांगे हैं, तो संभावना जताई जा रही है कि नए चेहरे को मौका मिल सकता है। हालांकि, नियमों के आधार पर प्रो. केपी सिंह भी पुन: आवेदन कर सकते हैं। ऐसे में अंतिम फैसला चयन समिति और राजभवन के स्तर पर होगा।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
**ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING**
Pilibhit Bypass road, Bareilly. (U.P.) 243006
**VACANCY ANNOUCEMENT**
1. Assistant Professor – Oncology Specialty Nursing
- Number of Post: 01 (M.Sc. Nursing with Medical Surgical Nursing - Oncology Specialty Nursing)
2. Nursing Tutor – Oncology Specialty Nursing
- Number of Post: 01 (Post Basic Diploma in Oncology Specialty Nursing with Basic B.Sc. (Nursing) / P.B.B.Sc. (Nursing)
- Experience: Minimum three (03) years of experience for both the posts.
Eligible candidates are requested to send your resume to
E-mail:rcnbareilly11@gmail.com
Mobile No. : 9368382930, 9520876133